भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2276

दिनांक 02 **अगस्त**, 2021

ओएनजीसी का फॉरवर्ड बेस

2276 **डॉ. राजदीप राय**:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की ओएनजीसी के कछार फॉरवर्ड बेस का उन्नयन कर इसे सब -बेसिन में परिवर्तित करने की कोई योजना है, ताकि इस क्षेत्र में शाही दिग्गज का बेहतर कार्यनिष्पादन सुनिश्चित किया जा सके; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री

(**श्री रामेश्वर तेली**)

(क) और (ख): ओएनजीसी के काचर फॉरवर्ड बेस को अब वर्ष 2017 से सिल्चर से प्रशासित किया जाता है, और असम अराकान फोल्ड बैल्ट एक्सप्लोरेटरी असैट (एएएफबीईए) के रूप में इसकी पुनर्संरचना की गई है। इस परिसंपत्ति में एक प्रारंभिक उत्पादन प्रणाली, दो गैस संग्रहण स्टेशन, चार विकास कूप और एक अन्वेषी कूप है।

****